कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जबलपुर म.प्र.

//आदेश//

क्रमांक 183 /दो–11–17/2017 जबलपुर, दिनांक– 06 /02/2022

माननीय रजिस्ट्री के ज्ञापन क्रमांक क्यू/एक्जाम/2022 जबलपुर दिनांक 07.01.2022 के आलोक में कार्यालयीन आदेश क्रमांक 35/दो–11–17/2017 जबलपुर दिनांक 08.01.2022 के द्वारा कोविड–19 महामारी के नए वेरिएंट ओमीक्रान के अत्याधिक तीव्रता से फैलने के फलस्वरूप माली/वाहन चालक/स्वीपर/भृत्य/चौकीदार/जलवाहक (कलेक्टर रेट/आकस्मिकता निधि से वेतन भोगी कर्मचारी) के रिक्त पदों की सीधी भर्ती/नियुक्ति साक्षात्कार (दिनांक 10.01.2022 से दिनांक 16.01.2022 तक) को स्थगित किया गया था।

वर्तमान में कोविड–19 की तीसरी लहर का प्रभाव कम होने तथा राज्य शासन द्वारा पूर्व में स्कूल, कॉलेजो को बंद किये जाने के आदेश को वापस लेते हुये पुनः चालू किए जाना एवं भीड़ की संख्या में लगाई गई रोक को हटाए जाने के फलस्वरूप इस स्थापना पर आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों भृत्य/चौकीदार/वाहनचालक/स्वीपर/माली कलेक्टर रेट प्रवर्ग की भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 19.02.2022 से 25.02.2022 तक कुल 07 दिवस निम्नानुसार आयोजित किये जाते हैं:–

क.	साक्षात्कार हेतु पूर्व नियत तिथि	साक्षात्कार हेतु निर्धारित नवीन तिथि
1	15.01.2022	19.02.2022
2	16.01.2022	20.02.2022
3	10.01.2022	21.02.2022
4	11.01.2022	22.02.2022
5	12.01.2022	23.02.2022
6	13.01.2022	24.02.2022
7	14.01.2022	25.02.2022

साक्षात्कार हेतु नवीन संशोधित प्रपत्र–सी संलग्न हैं।

Sd/-

संलग्न–प्रपत्र–सी

(नवीन कुमार सक्सेना)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जबलपुर (म.प्र.)

पृष्ठा.क्रमांक 464 /दो–11–17/2017 जबलपुर, दिनांक– 06 /02/2022

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव, माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत हेतु सादर प्रेषित।
2. श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर।
3. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (परीक्षा), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर इस न्यायिक जिला स्थापना पर आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों भृत्य/चौकीदार/ वाहन चालक/स्वीपर/माली कलेक्टर रेट प्रवर्ग की सीधी भर्ती/प्रकिया हेतु आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रम/प्लान प्रपत्र–सी पर जानकारी संलग्न प्रेषित है।
4. अध्यक्ष/सदस्य साक्षात्कार समिति, जबलपुर।
5. सर्व संबंधित न्यायिक अधिकारीगण जबलपुर।
6. प्रभारी अधिकारी कार्यालय/नजारत/कम्प्युटर अनुभाग जबलपुर।
7. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी/जिला रजिस्ट्रार जबलपुर।

Scanned with CamScanner

8. कलेक्टर, कलेक्टर कार्यालय जबलपुर।
9. पुलिस अधीक्षक जबलपुर।
10. आयुक्त, नगर निगम जबलपुर।
11. अधीक्षक यंत्री, म.प्र. विद्युत विभाग जबलपुर।
12. श्री चंद्रमोहन, प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0सी0एस0 की ओर संबंधित व्यक्तियों को सूचित किये जाने एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
13. श्री सचिन गौतम जूनियर सिस्टम एनालिस्ट जबलपुर की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित की सर्वसंबंधितों को उनकी ई–मेल आई.डी. पर तत्काल प्रेषित करें।
14. जन संपर्क अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर जबलपुर की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित की, वह साक्षात्कार आयोजित होने की सूचना प्रकाशित करवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. प्रशासनिक अधिकारी / उप प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय एवं सप्तम कार्यायल अनुभाग जबलपुर।
16. लेखापाल कार्यालय अनुभाग / जिला नाजिर नजारत अनुभाग जबलपुर।
17. ....

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जबलपुर (म.प्र.)

Scanned with CamScanner